शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

ACTION TAKEN REPORT (कार्यवाही विवरण)

बैठक दिनांक – 29/10/2021

दिनांक 29/10/2021 को अपराह्न 03:00 बजे प्राचार्य की अध्यक्षता में शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन (Action Taken Report) निम्नानुसार है।

1. सत्र 2021–22 हेतु रिक्त स्थान पर प्रवेश एवं सीट वृद्धि के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि सीट वृद्धि हेतु प्रवेश प्रभारी श्रीमती अर्चना झा के द्वारा विषयवार वृद्धि की जाने सीटों के लिये मांग प्रस्ताव प्राचार्य के समक्ष उपलब्ध करा दिया गया है।
2. सत्र 2021–22 के लिये प्राचार्य के निर्देशानुसार स्नातकोत्तर स्तर पर ऑफलाईन तथा स्नातक स्तर पर ऑनलाईन अध्यापन प्रारम्भ किया गया।
3. सत्र 2021–22 के आंतरिक परीक्षा के सम्बन्ध में माह दिसम्बर–2021 के द्वितीय सप्ताह में त्रैमासिक परीक्षा के आयोजन का निर्णय लिया गया था परन्तु उस समय महाविद्यालय में रसायनशास्त्र विभाग में एक भी शिक्षक नहीं होने से इस विषय का अध्यापन प्रारम्भ नहीं किया जा सका इसी प्रकार अग्रेजी विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर अध्यापन हेतु केवल एक ही शिक्षक होने से पर्याप्त पाठ्यक्रम नहीं होने के कारण माह दिसम्बर–2021 के द्वितीय सप्ताह में आंतरिक परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी।
4. ग्रन्थालय विस्तार के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि कक्ष क्रमांक 16 तथा ग्रन्थालय के मध्य की दीवार हो हटाते हुए कक्ष क्रमांक 16 को ग्रन्थालय में शामिल किया जाये जिसके लिये कार्यालय द्वारा द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाना है।
5. परिसर विकास एवं निर्माण कार्य–

- रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं भूगोल की प्रयोगशाला के निर्माण/मरम्मत हेतु सम्बन्धित विषय के शिक्षकों को निर्धारित मानदण्ड अनुसार आवश्यक विवरण सहित मांग प्रस्ताव यथाशीघ्र प्राचार्य के समक्ष उपलब्ध करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके।
- महाविद्यालय खेल परिसर एवं महाविद्यालय भवन में स्थित कक्षों के मरम्मत/नवीनीकरण हेतु कार्यालय द्वारा लोक निर्माण विभाग से सम्पर्क कर आनुमानित लागत का प्राक्कलन तैयार करने का निर्णय लिया गया।

6. महाविद्यालय के रंग–रोगन के सम्बन्ध में कार्यालय द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाना है।
7. संविदा/कलेक्टर दर पर कार्यरत कर्मचारियों की सेवा–विस्तार एवं वेतन भुगतान हेतु लेखा शाखा द्वारा प्राक्कलन तैयार कर DMF निधि के अन्तर्गत राशि उपलब्ध करवाने हेतु पत्र व्यवहार किया जाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्बन्ध में श्री ज्ञानदास अजगल्ले, प्रभारी (लेखा शाखा) ने बताया कि आवश्यक पत्र व्यवहार किया जा चुका है।

8. Alumni Association के निर्माण/पंजीयन की प्रकिया समिति की संयोजक श्रीमती अर्चना झा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

9. महाविद्यालय में नवीन पाठ्यकम प्रारम्भ करने एवं वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत प्रवेश के सम्बन्ध में प्रवेश प्रभारी द्वारा प्राचार्य को मांग प्रस्ताव उपलब्ध करा दिया गया है।

10. महाविद्यालय में आवश्यक फर्नीचर/उपकरण की उपलब्धता के सम्बन्ध में–

- कार्यालयीन कार्यो हेतु कम्प्यूटर, एंटीवायरस एवं छात्राओं हेतु फर्नीचर–टेबल–300 नग, कुर्सी–300 नग की आपूर्ति हेतु आवश्यक बजट की मांग हेतु लेखा शाखा द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जाना है।
- खेल सामग्री के कय हेतु महाविद्यालय के कीडाधिकारी श्री मारूतिननदन मरकाम द्वारा मांग प्रस्ताव प्राचार्य के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसके सम्बन्ध में लेखा शाखा प्रभारी श्री ज्ञानदास अजगल्ले ने बताया कि खेल मद के अन्तर्गत रू. 80,000/–की राशि उपलब्ध है तथा जिसके उपयोग हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

11. लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित कारली स्थित महाविद्यालय के छात्रावास के यथाशीघ्र अधिग्रहण करने हेतु द्वारा लोक निर्माण विभाग, दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाने तथा अधिग्रहण पश्चात महाविद्यालय भवन के पीछे स्थित छात्रावास से विनिमय करने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया था। महाविद्यालय में श्री आई. के. बारले ने छात्रावास मैनेजर के रूप में पदभार ग्रहण किया है अतः छात्रावास अधिग्रहण तथा विनिमय सम्बन्धी कार्यवाही श्री आई. के. बारले, छात्रावास मैनेजर के द्वारा सम्पादित की जानी है।

12. IIQA जमा करने के उद्देश्य से महाविद्यालय के SSR के अन्तर्गत शेष तीन Criterion- 03, 06, एवं 07 तैयार सम्बन्ध में श्रीमती अर्चना झा ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा Criterion- 03, 06, एवं 07 तैयार कर लिया गया है परन्तु अंग्रेजी अनुवाद में कई जगह वर्तनी एवं वाक्य अशुद्धि है जिसे सुधार किया जा रहा है। अशुद्धि सुधार पश्चात अवलोकन एवं निरीक्षण कर श्रीमती अर्चना झा द्वारा Criterion- 03, 06, एवं 07 प्राचार्य के समक्ष उपलब्ध कराया जाना

13. वाटर हारवेस्टिंग, महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई, सोलर एवं ग्रीन कैम्पस का निर्माण/विकास के शेष कार्य को राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई के माध्यम से किया जाना है।

14. स्टॉफ की आवश्यकता–बुकलिफ्टर, प्रयोगशाला परिचारक, स्वच्छक के लिये आवश्यक बजट की मांग हेतु लेखा शाखा द्वारा प्राक्कलन तैयार कर आयुक्त–उच्च शिक्षा विभाग अथवा जिला प्रशासन दन्तेवाडा से पत्र व्यवहार किया जाना है।

(डॉ. आर. के. हिरकने)
प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls College Dantewada (South Bastar) C.G